आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

| वेदर | | |
|---|---|---|
| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| रांची | 28.2 °C | 15.4 °C |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.09 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.55 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 04 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com
03

# हम लोग क्या चोर उचक्के हैं, कल नोटिस दिया और आज आ गये : हेमंत

रायपुर में आयोजित आदिवासी महोत्सव में हुए शामिल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रायपुर।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार को रायपुर में आयोजित तृतीय राष्ट्रीय आदिवासी महोत्सव में शामिल होने के लिए पहुंचे। यहां उनसे मीडिया ने प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की कार्रवाई के बारे में पूछा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मीडिया से सवाल किया कि हम लोग कोई चोर-उचक्के हैं क्या? क्या लगता है कोई हत्यारे हैं? कल नोटिस दिया और आज आ गये। क्या हमारी व्यस्तता नहीं है? उन्होंने कहा कि आज इस महोत्सव में शामिल होने का आमंत्रण पहले से तय था। हर चीज का एक शिष्टाचार है। हर चीज का एक व्यावहारिक आचरण है। मुझे लगता है इसका ध्यान रखना चाहिए। हमारे राज्य में राष्ट्रपति महोदय आनेवाली हैं। अगर इतना ही संगीन गुनाह है, तो समन क्यों। सीधे आ कर गिरफ्तार कर लें। कहां, हमने मना किया है। ये समन देकर एक योजनाबद्ध तरीके से बेमौसम होली-दीवाली मिठाइयां बंटती है। विपक्ष का सुनियोजित षड्यंत्र है। यह इडी का समन नहीं, भाजपा द्वारा सुनियोजित इडी का उपयोग है।

## सरकार पर जब संकट आता है, तब इन्हें स्थानीयता की आती है याद : सुदेश महतो



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरकार द्वारा नगर निकाय चुनाव में ओबीसी की सीटों को अनारक्षित करने के विरोध में आजसू पार्टी 17 नवंबर को राज्यव्यापी आंदोलन करनेवाली है। सभी जिला मुख्यालयों में एकदिवसीय धरना प्रदर्शन करेगी। बता दें कि इस साल हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भी राज्य सरकार ने पिछड़ा आरक्षण को खत्म कर दिया था। आंदोलन करने के निर्णय को लेकर आजसू पार्टी मुख्यालय में हुई बैठक में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने हिस्सा लिया। बैठक में आजसू पार्टी द्वारा किये गये कार्यक्रमों की समीक्षा की गयी और भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा तारीख भी सुनिश्चित की गयी। बैठक में सुदेश महतो ने कहा कि स्थानीयता का निर्धारण ही नियोजन का आधार बने। खतियान आधारित स्थानीय नीति लागू करने के लिए आजसू पार्टी ने सबसे ज्यादा और सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष किया। कहा कि दुःख की बात यह है कि सरकार की सेहत पर जब भी संकट आता है तब-तब इन्हें स्थानीयता की याद आती है। सरकार अगर सही नियत से स्थानीय नीति का निर्धारण करती है, तो आजसू पार्टी इसका स्वागत करेगी। साथ ही उन्होंने सरकार से संवैधानिक संस्थाओं का सम्मान करने की बात भी कही।

### राज्यपाल से की मुलाकात

सुदेश महतो इस बाबत गुरुवार को राज्यपाल रमेश बैस से भी मिले। उन्होंने राज्यपाल का ध्यान आकृष्ट करवाते हुए कहा कि राज्य सरकार निकाय चुनाव कराने की तैयारियों में जुटी है। इसके तहत ओबीसी के लिए आरक्षित विभिन्न स्तर के पदों को समाप्त किया जा रहा है। यानी निकाय चुनाव में ओबीसी (पिछड़ा वर्ग) को आरक्षण से वंचित किया जा रहा है। बिना ओबीसी आरक्षण के झारखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न हुआ, ऐसा झारखंड के इतिहास में पहली बार हुआ। यह स्थिति पैदा करने के लिए सीधे तौर पर राज्य सरकार जिम्मेदार है। इन चुनावों में ओबीसी को उनका हक और अधिकार मिले। इसके लिए सरकार कभी गंभीर और संवेदनशील नहीं रही। आजसू पार्टी का मानना है कि यह राज्य की बड़ी आबादी की अनदेखी भी है।

### कार्यक्रम तय

7 नवंबर को सभी जिला में आजसू पार्टी जिला कार्यसमिति की बैठक आयोजित की जायेगी तथा 18 नवंबर को आजसू पार्टी केंद्रीय कमिटी की बैठक होगी। बैठक के दौरान आजसू पार्टी की सहयोगी इकाई के राज्य स्तरीय सम्मेलन को लेकर भी निर्णय लिया गया, जिसमें अखिल झारखंड श्रमिक संघ का राज्य स्तरीय सम्मेलन 20 नवंबर को बेरमो में, अखिल झारखंड बुद्धिजीवी मंच का राज्य स्तरीय सम्मेलन 27 नवंबर को रांची में तथा अखिल झारखंड महिला संघ का राज्य स्तरीय सम्मेलन 04 दिसंबर को कोनार डैम क्षेत्र, मांडू में मुख्य रूप से शामिल है। बैठक के दौरान केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने आजसू पार्टी की सभी अनुषंगी इकाइयों के गठन, पुनर्गठन और विस्तार कार्य को 30 दिसंबर तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से आजसू पार्टी के प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस, केंद्रीय महासचिव डॉ लंबोदर महतो, केंद्रीय उपाध्यक्ष रोशन लाल चौधरी, उमाकांत रजक, हसन अंसारी, सपन सिंह देव तथा कुशवाहा शिवपूजन मेहता, केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो, केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, केंद्रीय प्रवक्ता मनोज सिंह, विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत, शालिनी गुप्ता, यशोदा देवी, नंदलाल बिरुआ, रामदुर्लभ सिंह मुंडा, अनूप पांडेय, तिवारी महतो, रामधन बेदिया, अर्जुन बैठा, भरत काशी साहू, वर्षा गाड़ी, जिला प्रभारी रविशंकर मौर्या, गोपीनाथ सिंह, लाल गुड्डू नाथ शाहदेव, अनुशासन समिति प्रमुख सुबोध प्रसाद, कार्यकारी जिलाध्यक्ष फणीभूषण महतो सहित सभी विधानसभा और जिला के प्रभारी मौजूद थे।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
"एक मिनीरत्न कंपनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कंपनी)

सूचना

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके आतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती हैं।

## भ्रष्ट आइएएस को जमानत का कोई आधार नहीं



**रांची।** निलंबित आइएएस पूजा सिंघल को झारखंड हाइकोर्ट से झटका लगा है। हाइकोर्ट ने उनके द्वारा दाखिल जमानत याचिका खारिज कर दी है। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश कुमार की अदालत ने सभी पक्षों को सुनने के बाद पूजा सिंघल को जमानत देने से इनकार कर दिया। कहा भ्रष्ट आइएएस अफसर को जमानत देने का कोई आधार नहीं बनता। बेल पर सुनवाई के दौरान पूजा सिंघल के वकील ने कहा कि वह लंबे समय से इस पूरे मामले में जांच टीम को सहयोग कर रही हैं और जमानत पर रिहा होने के बाद भी वह सहयोग करेंगी। पूजा सिंघल को इडी ने 11 मई को गिरफ्तार किया था। इसके बाद से ही वह जेल में बंद हैं। इडी कोर्ट ने पूजा सिंघल की जमानत याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद पूजा सिंघल की ओर से हाइकोर्ट में नियमित जमानत के लिए याचिका दाखिल की गयी थी, जिसे हाइकोर्ट ने खारिज कर दिया।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** अव्यवस्थित दिनचर्या, शारीरिक कष्ट, वाहन दुर्घटना भय, खर्च अधिक होगा।

**वृष** घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा, मानसिक चिंता बढ़ेगी।

**मिथुन** भौतिक संपन्नता, रुके हुए काम पूरे होंगे, आर्थिक स्थिति सुदृढ़, निर्माण कार्य में प्रगति।

**कर्क** धार्मिक-सामाजिक समारोह में भाग लेंगे, नये लोगों से संपर्क, महिला मित्र के माध्यम से लाभ।

**सिंह** जमीन-जायदाद संबंधी कार्यों में सफलता, सामयिक-सामाजिक विकास।

**कन्या** राजकीय पक्ष से सहयोग-समर्थन, धनागम के अवसर बढ़ेंगे, अवसरों का फायदा उठावें।

**तुला** कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, आर्थिक परेशानी।

**वृश्चिक** हर क्षेत्र में सफलता, व्यापारिक योजना सफल, आर्थिक लाभ होगा, मान-यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**धनु** विद्यार्थियों को लेखन और अध्ययन का सुपरिणाम मिलेगा, निराशा दूर होगी।

**मकर** धन एवं सुख की प्राप्ति होगी, थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे, यात्रा सुखद।

**कुंभ** सामयिक कार्यों में सफलता, नौकरी में उल्लास, संकल्पित काम पूरे होंगे।

**मीन** भूले बिसरे प्रसंग पुनर्जीवित होंगे, परिश्रम से महत्वपूर्ण काम पूरा होगा, शत्रुओं का शमन।

झामुमो के केंद्रीय महासचिव ने साधा निशाना

# भाजपा के चाल, चरित्र और चेहरे को उजागर करेगा झामुमो: सुप्रियो



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गुजरात विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने फैसला किया है कि पार्टी इस बार भाजपा के चरित्र को उजागर करने का काम करेगी। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य पार्टी मुख्यालय में गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में कही। श्री भट्टाचार्य कहा कि गुजरात विधानसभा की 40 आरक्षित सीटों (27 अनुसूचित जनजाति और 13 अनुसूचित जाति) पर झामुमो भाजपा की चाल, चरित्र और चेहरे को उजागर करेगा। सुप्रियो से जब पूछा गया कि क्या पार्टी का कोई नेता किसी दल के प्रचार के लिए गुजरात जायेगा, तो सुप्रियो ने केवल इतना कहा कि आज के जमाने में चिड़िया उड़ाना और रांची से अहमदाबाद की दूरी नापना वे भी जानते हैं। सुप्रियो भट्टाचार्य ने केंद्रीय निर्वाचन आयोग (इसीआइ) को इलेक्शन कन्वीनियंस ऑफ इंडिविजुअल यानी व्यक्तिगत सुविधा के लिए निर्वाचन का आयोजन करना नाम दिया। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव का मतदान 12 नवंबर को होगा। इससे पहले 9 और 10 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिमाचल प्रदेश चुनाव प्रचार के लिए जायेंगे। फिर गुजरात विधानसभा चुनाव जिसका पहला मतदान 1 दिसंबर को होना है, उसका नोटिफिकेशन 14 नवंबर को होगा। मतलब साफ है कि पहले चुनाव से आराम देना, फिर दूसरे चुनाव की तैयारी करना। यानी चुनाव आयोग का स्वरूप आज बदल गया है। इलेक्शन कन्वीनियंस ऑफ इंडिविजुअल यानी एक राज्य का चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद फिर से दूसरे राज्य जाना। उन्होंने कहा कि गुजरात जहां 182 सीट है, वहां भी 27 अनुसूचित जनजाति सीट है। लेकिन चुनाव दो चरणों में होगा। इसी तरह झारखंड में 81 सीट है। यहां भी 28 सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। लेकिन यहां चुनाव पांच चरण में क्यों होता था। इस खेल को समझना पड़ेगा। किस तरह से अब चुनाव को मैनेज किया जा रहा है। अब तो ऐसा लगता है कि चुनाव अब केवल संवैधानिक प्रोसेस है, इसलिए निभाना पड़ता है। कुछ दिनों बाद यह भी हो जायेगा कि क्यों चुनाव करायें। किस प्राइवेट कंपनी से सर्वे करायें जो पार्टी जिस कंपनी को ज्यादा पैसा देगी उसकी सरकार बन जायेगी। उन्होंने कहा कि आदिवासियों को केवल खिलौना बनाना, भाजपा की नियति बन गयी है। गुजरात में दलितों के साथ किस तरह से अत्याचार हुआ, यह सभी जानते हैं। झारखंड में भी आदिवासी मुख्यमंत्री को परेशान किया जा रहा है। ऐसे में अब हम गुजरात की 27 अनुसूचित जनजाति सीट और 13 अनुसूचित जाति सीटों की पहचान कर वहां भाजपा के चेहरों को उजागर करने का काम करेंगे।

# बरोरा में कोयला तस्करों ने सीआइएसएफ पर किया हमला

**15 राउंड चली गोली, तीन गंभीर सहित आधा दर्जन जवान घायल, एक ग्रामीण को लगी गोली, बोकारो रेफर**



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद/कतरास/महुदा।** बाघमारा पुलिस अनुमंडल के बरोरा थाना क्षेत्र स्थित बंद डेको आउटसोर्सिंग से गुरुवार को कोयला तस्करी की सूचना पर छापेमारी करने पहुंची सीआइएसएफ के जवानों पर सैकड़ों की संख्या में कोयला चोरों ने हमला बोल दिया, जिसमें सीआइएसएफ के पदाधिकारी सहित आधा दर्जन जवान गंभीर रूप से घायल हो गये। हमले के दौरान जवानों ने बचाव में 15 राउंड हवाई फायरिंग की, जिसके बाद कोयला चोर भाग निकले। बता दें कि सुबह में भी कोयला चोरों और सीआइएसएफ के बीच भिड़ंत हुई थी। उस समय भी फायरिंग हुई थी, जिसमें एक कोयला चोर जख्मी हुआ था। बदले की कार्रवाई में जवानों पर हमला किया गया। घायलों में ब्लॉक दो क्षेत्र के इंस्पेक्टर सतेंद्र प्रसाद, कांस्टेबल आमिर खान, महिला हेड कांस्टेबल निशा पासवान आदि शामिल है, जिन्हें इलाज के लिए धनबाद भेज दिया गया। वहीं सीआइएसएफ द्वारा चलायी गयी गोली से घायल कपिल यादव नामक युवक को इलाज के लिए बोकारो भेजा गया है। घटना के बाद से पूरा क्षेत्र पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है। हालांकि स्थिति नियंत्रण में है।

### सुबह की घटना के बाद शाम को फिर हुई भिड़ंत

सूचना के अनुसार बीसीसीएल बरोरा एरिया एक अंतर्गत बंद डेको आउटसोर्सिंग जरलाही पैच में गुरुवार की सुबह छापेमारी करने पहुंची सीआइएसएफ टीम पर कोयला तस्करों ने हमला कर दिया। बचाव में टीम के सदस्यों ने दो राउंड फायरिंग कर कोयला चोरों को खदेड़ दिया और टीम वापस हो गयी। घटना की सूचना पुलिस को भी दी गयी थी। सूचना के बाद सीआइएसएफ डिप्टी कमांडेंट भूपेंद्र सिंह दर्जनों जवानों के साथ दोबारा कोयला तस्करों के खिलाफ छापेमारी करने पहुंचे, जिसको देख स्थानीय ग्रामीण भड़क गये। सुबह में हुई घटना को लेकर ग्रामीण आक्रोशित थे। इसी दौरान ग्रामीणों की भीड़ में शामिल कोयला चोरों ने सीआइएसएफ जवानों पर हमला बोल दिया। देखते ही देखते उक्त स्थान रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। इस दौरान लगभग 15 राउंड फायरिंग की गयी। हालांकि कहा जा रहा है कि फायरिंग दोनों तरफ से की गयी। सूचना पर कई थानों की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गयी और मामले को शांत कराया। इस मामले में दोनों तरफ से प्राथमिकी दर्ज कराने की बात कही जा रही है।

### कोलियरी क्षेत्रों में कोयला तस्करी चरम पर

ज्ञात हो कि इन दिनों बाघमारा, सिंदरी और निरसा अनुमंडल में कोयला तस्करी चरम पर है। आये दिन पुलिस छापेमारी में इस बात की पुष्टि होती रही है। कोयला तस्कर बीसीसीएल और ईसीएल की बंद और चालू खदानों से गरीब ग्रामीणों को लालच देकर भारी पैमाने पर कोयला चोरी करवाते हैं, जिसको लेकर घटनाएं घट रही है। हालांकि गुरुवार के घटनाक्रम को लेकर सीआइएसएफ के अधिकारी भी बड़ी कार्रवाई की तैयारी में जुटे हैं। बरोरा में जवानों पर हमले के बाद कुसुंडा क्षेत्र के सीआइएसएफ ने ऐना परियोजना के समीप छापेमारी करते हुए 50 टन के लगभग कोयला जब्त कर बीसीसीएल प्रबंधन को सौंपा है।

# 1932 खतियान एवं ओबीसी आरक्षण को विधानसभा सत्र से पारित कराने के लिए विधायक अंबा प्रसाद को बनाया गया संयोजक



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आगामी 11 नवंबर को 1932 खतियान एवं ओबीसी आरक्षण को विशेष सत्र के माध्यम से विधानसभा में पारित कराने को लेकर झारखंड मंत्रालय रांची के कैबिनेट कक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। उक्त बैठक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर के निर्देशानुसार प्रोफेसर स्टीफन मरांडी की अध्यक्षता में हुई, जिसमें मंत्री आलमगीर आलम, जगरनाथ महतो, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, विधायक अंबा प्रसाद, विधायक प्रदीप यादव, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की समेत कई लोग मौजूद रहे। आगामी विशेष विधानसभा सत्र में दोनों महत्वपूर्ण विषयों को विधानसभा से पारित कराने को लेकर एवं उक्त मामलों के महत्वपूर्ण संशोधन इत्यादि प्रस्ताव को लेकर विचार-विमर्श किया गया, जिसमें कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद को संयोजक मनोनीत किया गया। इस मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि राज्य सरकार ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है, उसके लिए मैं सरकार के प्रति आभार व्यक्त करती हूं और आम आवाम एवं राज्य वासियों के हित के लिए जो भी कार्य करना पड़ेगा, उस फर्ज का बखूबी निर्वहन करूंगी।

हम पलायन रोकने के लिए अधिक रोजगार सृजन करने में सक्षम होंगे : आलमगीर

# झारखंड में मनरेगा के लिए केंद्र से मिलेगा अतिरिक्त 25,000 करोड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने मनरेगा के कार्यों में इजाफा को देखते हुए भारत सरकार से 25,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि की मांग की थी। जानकारी के अनुसार यह राशि नवंबर के दूसरे सप्ताह तक आवंटित होने की उम्मीद की जा रही है। इस प्रकार अब इस वित्तीय वर्ष का कुल मनरेगा बजट 98000 करोड़ हो जायेगा। वर्ष 2022-23 के केंद्रीय बजट में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के लिए 73,000 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गयी थी। मनरेगा योजना में अब तक करीब 54,000 करोड़ रुपये राज्यों को आवंटित किये जा चुके हैं। योजना के तहत करीब 181 करोड़ का कार्य सृजित किया गया है। मनरेगा योजना में अतिरिक्त राशि के लिए केंद्र सरकार को संसद के शीतकालीन सत्र में मंजूरी लेनी होगी। सरकार आगामी शीतकालीन सत्र में पेश की जाने वाली अनुदान मांगों के तहत अतिरिक्त कोष आवंटन के लिए संसद की मंजूरी लेगी।

### बजट में सरकार ने की थी 25 हजार करोड़ की कटौती

वर्ष 2022-23 के केंद्रीय बजट में केंद्र सरकार ने मनरेगा फंड में 25 हजार करोड़ रुपये की कटौती की थी। वित्तीय वर्ष 2020-21 में मनरेगा का कुल बजट 1 लाख करोड़ रुपये से भी ज्यादा का था। यह योजना पहले चरण में 2 फरवरी 2006 से देश के 200 सबसे पिछड़े जिलों में लागू की गयी थी, बाद में इसे एक



अप्रैल, 2007 से 113 और 15 मई 2007 से 17 अतिरिक्त जिलों तक बढ़ा दिया गया था। शेष जिलों को 1 अप्रैल, 2008 से अधिनियम के तहत शामिल किया गया था। अधिनियम में अब देश के सभी ग्रामीण जिले शामिल हैं।

### केंद्र सरकार की पहल स्वागत योग्य: आलमगीर

झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा, केंद्र सरकार की ओर से मनरेगा योजना में 25000 करोड़ रुपया वृद्धि के संकेत का हम स्वागत करते हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्र में अधिक से अधिक रोजगार सृजित होंगे। झारखंड जैसे राज्यों को इसका लाभ मिलेगा। आलमगीर ने कहा कि हम पलायन रोकने के लिए अधिक रोजगार सृजन करने में सक्षम होंगे।

JHARKHAND STATE FOOD & CIVIL SUPPLIES CORPORATION LTD.
(A GOVERNMENT OF JHARKHAND UNDERTAKING)
JSFC Bhawan, Kadru Main Road, Ranchi - 834002, Email-jsfcmonitoring@gmail.com

Ref. No. : 4292 Date: 03/11/2022

Corrigendum Notice
Tender Ref. No. 3939, Dated: 02.10.2022

This is to inform all the bidders that following amendments/Corrigendum are being made in tender documents (Ref. Tender notice no. 3939, date 02.10.2022) for **Tender for Selection of System Integrator for Implementation of GPS based Vehicle Tracking System and Setting up of Command-and-Control Centre through Reverse e-Auction.** The bidders are advised to take into account the following amendments/Corrigendum before submission of their bids against this tender. If any bidder has already submitted his/her bid, then he/she should resubmit his/her bid taking into account following amendments/Corrigendum. For convenience and clarity, the Corrigendum is being uploaded on the website.

| Sl. No. | Previous Clause | Stands amended and to be read as |
|---|---|---|
| 1. | Last Date & Time for submission of completed E-Tender Documents Online 03/11/2022 at 18:00 Hrs. | Last Date & Time for submission of completed E-Tender Documents Online 15/11/2022 at 18:00 Hrs. |
| 2. | Last Date of EMD Submission 03/11/2022 at 18:00 Hrs. | Last Date of EMD Submission 15/11/2022 at 18:00 Hrs. |
| 3. | Date & Time of Technical Bid Opening 04/11/2022 at 18:00 Hrs. | Date & Time of Technical Bid Opening 16/11/2022 at 18:00Hrs. |

* All bidders are advised to include all the corrigendum Published on the Website till Last Date of Bid submission, without all Corrigendum, Bid is subject to rejection.

Managing Director
JSFC Hqr., Ranchi




आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 04 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com
04

# प्राइम पावर ऑर्थराइज्ड सर्विस सेंटर एल्गी इक्विपमेंट्स लिमिटेड का उद्घाटन

**धर्मेंद्र तिवारी ने प्राइम पावर के निदेशक और पूरी टीम को दी बधाई**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्राइम पावर ऑथराइज्ड सर्विस सेंटर एल्गी इक्विपमेंट्स लिमिटेड दलादली चौक रिंग रोड रांची का उद्घाटन गुरुवार को भारतीय जनतंत्र मोर्चा के अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने किया। इस अवसर पर धर्मेंद्र तिवारी ने प्राइम पावर के निदेशक और पूरी टीम को और एल्गी की टीम को बधाई दी। कहा दोनों ने मिलकर झारखंड को एक अच्छी सौगात दी है। प्राइम पावर पूरे इस्टर्न इंडिया के लिए सर्विस सेंटर प्रारंभ किया है। इससे झारखंड के साथ-साथ बिहार, ओड़िशा, बंगाल, नॉर्थ ईस्ट सभी राज्यों को फायदा होगा। ज्ञात हो कि एलगी एयर कंप्रेशर बनाता है। इस्टर्न रीजन में करीब 18 सौ से ऊपर मशीनें कार्यरत हैं। इनकी सर्विस पहले कोयंबटूर से होती थी। एक महीने का समय लगता था। लेकिन झारखंड में सर्विस सेंटर खोलने से उपभोक्ताओं के साथ-साथ इस प्रोडक्ट की साख बढ़ी है। प्राइम पावर के निदेशक धनंजय त्रिपाठी ने कहा कि कस्टमर को सुविधा देना ही हमारा उद्देश्य है। इस अवसर पर कंपनी के विजय गुप्ता, एरिया मैनेजर देवराज मना, सर्विसिंग इंचार्ज शयन बनर्जी, पार्ट्स मैनेजर चंदन, मार्केटिंग दिव्य सनातन त्रिपाठी, जनरल मैनेजर दीपक कुमार, कयूम अंसारी, दीपक कुमार, बीएल सोनी सहित ग्राहक भी उपस्थित थे। प्राइम पावर का कार्यालय रांची, धनबाद, जमशेदपुर, साहिबगंज लेकिन सर्विस सेंटर रांची में है। इससे लोगों को रोजगार के साथ कस्टमर को सर्विस के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

# इडी और भाजपा के कार्यालय में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अवैध पत्थर खनन मामले में इडी ने सीएम हेमंत सोरेन को समन जारी किया इडी कार्यालय की सुरक्षा बढ़ायी गयी। बता दें कि इस मामले में इडी के द्वारा पिछले कई दिनों से हो रही कार्रवाई में कई बड़े कारोबारी और राजनीतिक चेहरे सामने आये हैं। इडी के पदाधिकारियों ने अंदेशा जताया था कि सीएम से पूछताछ के दौरान कार्यकर्ता या समर्थकों के द्वारा विरोध किया जा सकता है। इसी को लेकर इडी के पदाधिकारियों ने पिछले दिनों पुलिस मुख्यालय को पत्र भेज कर सुरक्षा की मांग की थी, जिसके बाद भारी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है।



## भाजपा प्रदेश मुख्यालय में 29 जवान तैनात

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इडी के समन के बाद हरमू रोड स्थित भाजपा प्रदेश मुख्यालय की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। गुरुवार सुबह 8:00 बजे से जिला पुलिस की एक प्लाटून को प्रदेश मुख्यालय में तैनात किया गया है। इसमें पुलिस के 29 जवान, दो सब इंस्पेक्टर और एक इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी शामिल हैं। सुरक्षा के दृष्टिकोण से एहतियात के तौर पर फायर ब्रिगेड और वाटर कैनन की व्यवस्था हरमू मैदान के पास रखी गयी है। वहीं भाजपा मुख्यालय के सामने बैरिकेडिंग कर दी गयी है। साथ ही वहां से गुजरने वालों पर पुलिस जवान कड़ी निगरानी रखे हुए हैं।

# महत्वपूर्ण न्यूज

## नेशनल योगा में टेंडर हार्ट की सृजन को स्वर्ण




रांची (आजाद सिपाही)। पंजाब में आयोजित 47वां जूनियर एवं सबजूनियर नेशनल योगासना स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में टेंडर हार्ट विद्यालय की योग शिक्षिका कुमारी सृजन ने स्वर्ण पदक हासिल कर पूरे विद्यालय का नाम रौशन किया है। कुमारी सृजन ने 21-40 वर्ष ग्रुप में 250 प्रतिभागियों को पछाड़कर प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं अब एशियन योगसना स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। विगत माह रांची में आयोजित राज्यस्तरीय योगासना चैंपियनशिप में कुमारी सृजन ने प्रथम एवं विद्यालय के छात्र अभिमन्यु पांडेय ने 8-10 वर्ष ग्रुप में तृतिय स्थान प्राप्त किया था एवं दोनों प्रतिभागियों ने झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व किया। विद्यालय के निदेशक श्री सुधीर तिवारी, उपनिदेशक श्री वेदान्त तिवारी एवं प्राचार्या श्रीमती उषा किरण झा ने दोनों प्रतिभागियों के इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के छात्र का स्वच्छ भारत राष्ट्रीय कला प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन



रांची (आजाद सिपाही)। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल रांची के कक्षा दसवीं के छात्र वेदांत वर्मा ने अपनी कला का परिचय देते हुए ऑल इंडिया आत्मनिर्भर भारत कला प्रतियोगिता जो कि नेशनल एजुकेशन एंड ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन, मुंबई के द्वारा आयोजित की गयी थी में प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया। इस अवसर पर विद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सिमी मेहता ने उन्हें इस उत्कृष्ठ सफलता की बधाई देते हुए भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं में साकारात्मक रूप से भागीदारी सुनिश्चित करने की सलाह भी दी। साथ ही सभी विद्यार्थियों को इनसे सीख लेकर प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित भी किया। विद्यालय के प्राचार्य श्री राज किशोर शर्मा ने वेदांत को जीत की अनेकानेक शुभकामनाएं देते हुए सभी विद्यार्थियों को जमकर मेहनत कर अपने जीवन में एक अलग मुकाम हासिल करने हेतु सुझाव दिये। विद्यालय के उप प्राचार्य के. आर. झा ने प्रतिभागी को बधाई दी और अपने संबोधन में छात्र-छात्राओं से कहा कि सभी में अलग अलग प्रतिभाएं व क्षमताएं होती हैं जरूरत है केवल उसे समय-समय पर निखारने की। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित था।

## पद्मश्री डॉ हरिश्चंद्र वर्मा डीएसपीएमयू में आमंत्रित



रांची (आजाद सिपाही)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर के सेवानिवृत्त प्रोफेसर और कांसेप्ट ऑफ फिजिक्स के लेखक और प्रसिद्ध शोधकर्ता डॉ हरिश्चंद्र वर्मा दिनांक 11 और 12 नवबंर को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची के सभागार में अपना व्यख्यान देंगे। ज्ञात है कि दो खंडों में लिखित उनकी पुस्तक कांसेप्ट ऑफ फिजिक्स ने भौतिकी के विद्यार्थियों के बीच एक अकादमिक क्रांति ला दी थी। इससे सबंधित एक आवश्यक बैठक कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। इस बैठक में विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के सभी शिक्षक शामिल हुए। कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने शिक्षकों के साथ संवाद करते हुए कहा कि इस दो दिवसीय कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य यह होना है कि इस लब्ध प्रतिष्ठित, पद्मश्री प्राप्त विद्वान की अकादमिक श्रेष्ठता का से न सिर्फ हमारे विश्वविद्यालय के शिक्षक लाभान्वित हो बल्कि अन्य विश्वविद्यालय महाविद्यालय के सबंधित विषय के शिक्षक और विद्यार्थी भी लाभ उठा सकें। इसी क्रम में उन्होंने डॉ वर्मा के सुरीला लैब की संकल्पना की बात करते हुए कहा कि इसका अर्थ स्टूडेंट रिसर्च एक्सपोजर लैब है जिसके तहत लॉ कॉस्ट व्यय पर विद्यार्थियों के लिये शोध कार्य उपलब्ध होगा। इसी तर्ज पर हमारा विश्वविद्यालय आगे कार्यरत रहेगा। उन्होंने कहा कि इस दो दिवसीय कार्यशाला से कई महत्वपूर्ण तथ्य निकल कर शिक्षक और शोधकताओं के लिए लाभकारी साबित होंगे। बैठक में इससे संबंधित कई मुद्दों और कार्यशाला के प्रारूप पर गहन चर्चा की गई। कार्यशाला के प्रथम दिन व्यख्यान और दूसरे दिन विद्यार्थियों के साथ संवाद कार्यक्रम किया जाना है। बैठक में कुलसचिव डॉ नमिता सिंह, डॉ अनिल कुमार, डॉ जेपी शर्मा, डॉ अशोक नाग, डॉ राजीव रंजन, डॉ अनुपम, डॉ जेसी बास्के, डॉ अनिता कुमारी, प्रो राजेश कुमार, डॉ ईन साहू, डॉ अश्विनी शर्मा सहित अन्य शिक्षक थे। यह जानकारी प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

## वार्ड 10 में तीन योजनाओं का हुआ शिलान्यास



रांची (आजाद सिपाही)। रांची निगम वार्ड 10 के पार्षद अर्जुन यादव एवं पूर्व पार्षद संगीता देवी ने गुरूवार को तीन योजनाओं का शिलान्यास किया। इसमे फ्रेंड्स कॉलोनी लालपुर में पीसीसी पथ का शिलान्यास, दूसरा भाभा नगर के गीतिल कोचा में नास्त्र कुज्जूर के घर से लेकर मुख्य नाला तक नाली निर्माण का शिलान्यास, तीसरा टुनकी टोला गीतिल कोचा में जोसेफ के घर से मंजुला मिंज के घर तक पीसीसी पथ का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर पार्षद अर्जुन यादव ने कहा कि तीनों योजना मिलाकर 21 लाख का है। इस योजना से यहां के आम जनता को बहुत ही सुविधा मिलने वाली हैं, क्योंकि रोड नाली नहीं रहने के कारण यहां के आम जनता को बहुत ही कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। बरसात के दिनों में लोगों को आने जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इस अवसर पर कल्लू राम, राजू कुमार, इंदु कुमार, जितेंद्र तिवारी, मंटू तिवारी, हरि राय, अनिल यादव सहित अन्य मौजूद थे।

## सीएमपीडीआइ ने समझौता किया

रांची (आजाद सिपाही)। सीएमपीडीआइ (मुख्यालय) रांची के निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत झारखंड की 40 महिलाओं को स्थायी आजीविका और आत्मनिर्भरता के लिए ड्राइविंग की कौशल प्रशिक्षण परियोजना हेतु एसेंसिव एडुस्किल फाउंडेशन के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किया गया। सीएमपीडीआइ के महाप्रबंधक (एचआरडी/सीएसआर) आर के महापात्रो तथा एसेंसिव एडुस्किल फाउंडेशन के क्षेत्रीय प्रबंधक-गवर्नमेंट प्रोजेक्ट्स अभिषेक भट्टाचार्य के बीच इस समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया। रू 7.40 लाख वाली इस परियोजना की अवधि मोबिलाईजेशन से लेकर प्लेसमेंट तक कुल छह महीने की है।

# रिम्स में आज से फ्री हार्ट चेकअप कैंप

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार और श्री सत्य साईं हार्ट हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय फ्री हार्ट चेकअप कैंप का शुभारंभ 4 नवम्बर को रिम्स में होगा। चेकअप के बाद मरीजों को इलाज के लिए श्री सत्य साईं हार्ट हॉस्पिटल भेजा जायेगा। जहां हार्ट के मरीजों के इलाज में कोई खर्च नहीं होगा। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता 11.30 बजे कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह मौजूद रहेंगे। इसके अलावा श्री सत्य साईं हार्ट हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर मनोज भिमानी, रिम्स के निदेशक डॉ कामेश्वर प्रसाद, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अपर अभियान निदेशक विद्यानंद शर्मा पंकज, निदेशक प्रमुख डॉ कृष्ण कुमार, उपनिदेशक डॉ बुका उरांव समेत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहेंगे।

## तीन दिन चलेगा कैंप

राज्य स्तरीय हार्ट चेक अप कैंप 6 नवंबर तक चलेगा। 4 नवंबर को पहले दिन के कैंप में रांची, पूर्वी सिंहभूम, धनबाद, बोकारो, गिरिडीह, गुमला, सरायकेला-खरसावां, सिमडेगा और पश्चिमी सिंहभूम जिले के हार्ट मरीजों की स्क्रीनिंग होगी। इन मरीजों का उपरोक्त जिलों के स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा स्क्रीनिंग की गयी है। 5 नवंबर को देवघर, पलामू, चतरा, दुमका, गोड्डा, गढ़वा, जामताड़ा, कोडरमा, लातेहार, पाकुड़ और साहेबगंज जिले के मरीजों की स्क्रीनिंग होगी। 6 नवंबर को हजारीबाग, खूंटी, लोहरदगा और रामगढ़ जिले के मरीजों की जांच की जायेगी। जांचोपरांत मरीजों को प्रशांति मेडिकल सर्विसेज एंड रिसर्च फाउंडेशन द्वारा राजकोट और अहमदाबाद में संचालित श्री सत्य साईं हार्ट हॉस्पिटल में रेफर किया जायेगा।

# कैलाशपति मिश्र ने भाजपा को जन-जन तक पहुंचाया : नागेंद्र

**पूर्व राज्यपाल स्व. कैलाशपति मिश्र की जयंती मनायी गयी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्यपाल स्व. कैलाशपति मिश्र की जयंती मनायी गयी। उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि कैलाशपति एक महामानव थे, जिन्होंने अपने जीवन की आहुति पार्टी की विचारधारा और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए दी। उन्होंने कहा कि आज ऐसी महान विभूतियों के त्याग एवं तपस्या का ही परिणाम है कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। देश की जनता की पहली पसंद भाजपा बनी है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि कैलाशपति मिश्र एक व्यक्ति नहीं, बल्कि आदर्श थे, जिन्होंने पार्टी के लिए असंख्य कार्यकर्ता को गढ़ने का काम किया। उन्होंने कहा कि स्व. मिश्र का व्यक्तित्व एवं कृतित्व कार्यकर्ताओं को सदैव प्रेरणा देता रहेगा। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में प्रदेश महामंत्री सांसद आदित्य साहू, महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा, प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू, कोषाध्यक्ष दीपक बंका, पार्टी के मुख्य सचेतक विधायक विरंची नारायण, कार्यालय मंत्री हेमंत दास, सह मंत्री सूरज चौरसिया, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा, सरोज सिंह, सोशल मीडिया प्रभारी राहुल अवस्थी सहित अन्य मौजूद थे।

## रांची सिविल कोर्ट में चोरी के प्रयास में एक व्यक्ति हिरासत में

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट में बुधवार को चोरी का प्रयास किया गया है। इस मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। पुलिस संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। हिरासत में लिये गये व्यक्ति की पहचान कोर्ट के सहायक कर्मचारी के रूप में हुई है। बता दें कि बुधवार की शाम रांची सिविल कोर्ट के एसडीजेएम (अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी) ने कोतवाली थाना में एक लिखित शिकायत दर्ज करवायी थी, जिसमें कहा गया था कि कोर्ट के कर्मचारी जब कार्यालय पहुंचे तो उन्होंने कार्यालय के मुख्य गेट के दरवाजे की कुंडी टूटी हुई पायी। घटना के बाद कोर्ट में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली गयी। फुटेज में एक व्यक्ति स्कूटी में सवार है, जो घटना के समय कोर्ट परिसर में दिख रहा है। एसडीजेएम के आवेदन के आधार पर कोतवाली थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

# लोक सेवा समिति : सम्मान समारोह का आयोजन 5 नवंबर को

**भारत सेवा रत्न और झारखंड सेवा रत्न सम्मान से नवाजा जायेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** समाज में शांति व भाईचारा बढ़ावा देने वाले लोगों को लोक सेवा समिति ने सम्मानित करने का निर्णय लिया है। चयनित लोगों को भारत सेवा रत्न और झारखंड सेवा रत्न सम्मान से नवाजा जायेगा। लोक सेवा समिति के 31 वर्ष पूरा होने पर सम्मान समारोह का आयोजन 5 नवंबर को न्यू दिल्ली स्थित नेशनल कोंशिल ऑफ वाइएमसीए ऑफ इंडिया गेट में किया जा रहा है। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करने का निर्णय लिया है। इसमें मुख्य रूप से हमारा देश हमारा उत्तरदायित्व विषय पर परिचर्चा की जायेगी। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने तथा उल्लेखनीय कार्य करने वाले शख्सियत को चयन समिति द्वारा चयनित किया गया है। **झारखंड रत्न 2022 (राज्य का सर्वोच्च सम्मान) से सम्मानित होने वाले विभूतियों की सूची में**

शंकर नायक, गुमला (क्षेत्र) नृत्य, संस्कृति, स्टेफी टेरेसा (क्षेत्र) कला, संजय कृष्ण (क्षेत्र) साहित्य, शहीद नादिर अली खान, जय मंगल पांडे 1857 के स्वतंत्रता सेनानी (मरणोपरांत)

अर्जुन सिंह पलामू (क्षेत्र) सामाजिक, विकास जुन्नु रैन, गुमला (क्षेत्र) खेल से शामिल है।

**विशिष्ट सेवा सम्मान 2021 से सम्मानित होने वाले व्यक्तियों की सूची में :** नवजोत अलंग (क्षेत्र) समाज सेवा, प्रगति प्रेरणा, मो सलमान खान (यूपी) क्षेत्र युवा जागरूकता, डॉ प्रसेनजित कर्मकार(क्षेत्र) शिक्षा, शफीक उल हुसैन (क्षेत्र) न्यूज, नरेंद्र प्रसाद सिंह (क्षेत्र) प्राथमिक शिक्षा,

**भारत सेवा रत्न 2022 के लिए :** शाहिद पीवीसी अब्दुल हामिद (क्षेत्र) देश के लिए बलिदान (मरणोपरांत), शबनम हाशमी, (क्षेत्र) सामाजिक कार्य, अब्दुल कादिर (कर्नाटक ) क्षेत्र शिक्षा

**राष्ट्रीय महिला गौरव सम्मान 2022 के लिए**

सरोज श्रीवास्तव (क्षेत्र) महिला सशक्तिकरण,

जैनाब (क्षेत्र) महिला सशक्तिकरण, कनीज फात्मा (क्षेत्र) महिला सशक्तीकरण, डॉ मीणा सिंह (क्षेत्र) महिला सशक्तीकरण आदि के नाम शामिल हैं। वहीं कोविड 19 में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए डॉ अजीत कुमार सिंह को सम्मानित किया जायेगा।

विशिष्ट योगदान करने वाले व्यक्तियों एवं संस्था को चयन समिति द्वारा चयनित करने के बाद प्रदान किया जाता है चयन समिति के सम्मानित सदस्यों में मोहम्मद नौशाद, सिन्हा (संरक्षक), प्रा. डॉ अब्दुल खालिक और संयोजक हरिनारायण सिंह थे। विभूतियों को मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों द्वारा सम्मानित किया जायेगा।

# श्याम प्रभु जन्मोत्सव आज धूमधाम से मनाया जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची श्री श्याम मंडल के तत्वावधान में अग्रसेन पथ स्थित मंदिर में चार नवंबर को श्याम प्रभु जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। कार्तिक शुक्ल पक्ष की देव प्रबोधिनी एकादशी पर रात 9 बजे से मंदिर में श्याम प्रभु का भव्य श्रृंगार, अखंड ज्योत के साथ भोग अर्पित किया जायेगा। मौके पर संकीर्तन का आयोजन होगा।मंडल के मीडिया प्रभारी सुमित पोद्दार ने बताया कि मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया है। भगवान के श्रृंगार के लिए कोलकाता से कारीगर आए हैं। श्याम सेवा ट्रस्ट अंतर्गत सुबह 11 बजे वेंटवश्वर अन्नपूर्णा केंद्र के सामने भक्तों को प्रसाद के रूप में भोजन कराया जायेगा। रात एक बजे महाआरती व प्रसाद वितरण होगा।




## हरमू रोड स्थित मंदिर में तैयारी पूरी

श्री श्याम मित्र मंडल के हरमू रोड स्थित श्याम मंदिर में होने वाले श्री खाटू नरेश का जन्मोत्सव समारोह मनाने के लिए बैठक हुई। इसमें मंडल के कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंपे गये। श्याम बाबा के जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर गुरुवार को खाटू नरेश का श्रृंगार किया गया। पंडरा निवासी बजरंग गोयल एवं खुशबू अग्रवाल ने इसमें सेवा दी। बैठक मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी की अध्यक्षता में हुई।

# आदित्य बिरला मेमोरियल झारखंड सीनियर स्टेट फिडे रेटिंग चेस चैंपियनशिप

# सरला बिरला के छात्रों का चेस चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल रांची के छात्रों ने 21वें आदित्य बिरला मेमोरियल झारखंड सीनियर स्टेट फिडे रेटिंग चेस चैंपियनशिप में अपना शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन सरला बिरला बिरला पब्लिक स्कूल रांची के बीके बिरला प्रेक्षागृह में 26 से 29 अक्टूबर को एजेंसी ई द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 160 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें हमारे विद्यालय के कुल 32 छात्र-छात्राओं ने अपनी योग्यता का परिचय दिया। मेन कैटेगरी में कक्षा ग्यारहवीं के अंश कुमार ने 12वीं रैंक और 1200 नकद का पुरस्कार तथा कक्षा छह के अभिराज डे ने 18वीं रैंक और 800 नकद का पुरस्कार प्राप्त करने में सफलता हासिल की। कक्षा दसवीं के रिशु राज को सेकेंड पोजीशन (1000-1199) और 1000 नकद पुरस्कार रेटिंग कैटेगरी में प्राप्त हुआ। बारहवीं कक्षा के ओम चैतन्य शर्मा ने अपने 1079 रेटिंग में 40 पॉइंट्स का सुधार कर सफलता हासिल की। कक्षा छह के आदित्य शर्मा ने अपना शानदार प्रदर्शन कर रेटिंग कैटेगरी में प्रवेश किया।

विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने छात्रों को बधाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। प्राचार्या परमजीत कौर ने विजेताओं की प्रशंसा की और उन्हें भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## कुख्यात अपराधी अली खान रांची सिविल कोर्ट से गिरफ्तार

**रांची।** गुरुवार को डोरंडा के कुख्यात अपराधी अली खान उर्फ मुर्गी उर्फ चोंच को रांची पुलिस की सहायता से बिहार पुलिस ने रांची सिविल कोर्ट में अधिवक्ता राहुल पांडे के चेंबर से गिरफ्तार किया। अली खान को रांची से तड़ीपार किया गया था बावजूद इसके वह लगातार रांची आता और अपराधिक घटनाओं को अंजाम देता रहा है। बिहार में भी कई अपराधों में वह वांछित अपराधी रहा है। झारखंड पुलिस इस पर अब तक कार्रवाई से परहेज करती रही है क्योंकि इसका रिश्ता झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरीय नेता आजम अहमद से रहा है जिस कारण पुलिस इस पर कार्रवाई करने से परहेज करती रही।

## तमाड़ की खबरें

### जन आक्रोश रैली की तैयारी में जुटे भाजपाई



सोनाहातू(आजाद सिपाही)। झारखंड की महागठबंधन सरकार में बढ़ते अपराध, भ्रष्टाचार व बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ 12 नवंबर को भाजपा सोनाहातू एवं बारेंदा मंडल द्वारा प्रखंड मुख्यालय पर होने वाली जन आक्रोश रैली को सफल बनाने के लिए सोनाहातू प्रखंड कार्यालय में दोनों मंडल पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की गुरुवाई को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष दिलेश्वर कोइरी ने की। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज, ओबीसी मोर्चा प्रदेश महामंत्री चौधरी महतो, उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा उपस्थित हुए। जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज ने कहा कि राज्य में जब से झामुमो, कांग्रेस व राजद की सरकार बनी है तब से प्रशासनिक व्यवस्था पूरी तरह फेल हो गई है। दुष्कर्म और हत्याओं की घटनाएं लगातार हो रही हैं। प्रखंड में अधिकारियों का मनोबल बढ गया है जनता का कार्य नहीं हो रहा है। इसलिए प्रखंड मुख्यालय पर होने वाली जन आक्रोश रैली को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को कमर कस लेनी चाहिए। वहीं, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री चौधरी महतो ने कहा कि राज्य सरकार पिछले चुनाव में लोक लुभावन वादे लेकर सत्ता में काबिज हुई पर अभी तक एक भी वादा पूरा नहीं किया। वहीं, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा ने कहा कि भाजपा ने झारखंड राज्य का निर्माण किया है। अब भाजपा ही संवारेगी। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष मनोज महतो, परिक्षित मंडल, पदलोचन महतो, सदानंद महतो,नरसिंह दास, भगीरथ महतो, महिपाल मुंडा, भुवनेश्वर महतो, वासुदेव भगत और सजल मंडल आदि उपस्थित थे।

### झारखंड राज्य किसान सभा के लिए किया गया कोष संग्रह

सिल्ली (आजाद सिपाही)। मुरी-सिल्ली में झारखंड राज्य किसान सभा राज्य सम्मेलन के लिए कोष संग्रह सह प्रचार अभियान चलाया गया। इस दौरान संगठन के राज्य उपाध्यक्ष सुफल महतो, जिला संयुक्त सचिव चितरंजन महतो, स्वागत समिति सचिव अमर महली, जिला सदस्य निलकांत सिंह मुंडा, किसान नेता जितेन्द्र महतो, दीपक सोनार, रविपदो बेदिया, रंथु सिंह मुंडा, गोपाल सिंह मुंडा, रमेश लोहरा और घुमेश्वर रजक आदि उपस्थित थे। बताया कि पांच नवंबर को किसान रैली और सम्मेलन छह नवंबर तक चलेगा। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अशोक ढावले, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष कृष्ण प्रसाद, झारखंड राज्य किसान सभआ के महासचिव सुरजीत सिन्हा, झारखंड राज्य किसान सभआ के राज्य उपाध्यक्ष सुफल महतो शामिल होंगें।

### सोनाहातू में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में 1400 आवेदनों का किया गया निष्पादन

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड के हारिण पंचायत सचिवालय भवन में गुरुवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत विभिन्न विभागों के 2009 आवेदन आए जिसमें से 1400 आवेदनों पर तुरंत कर्रवाई करते हुए समाधान किया गया। इस दौरान बीडीओ सुचित्रा मिंज ने सभी स्टॉल का निरीक्षण करते हुए प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली और उसे त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया। कहा कि राज्य सरकार द्वारा इस अभियान के तहत लोगों की समस्या को दूर करने के लिए यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने लोगों से आवश्यक दस्तावेज के साथ शिविर में आकर योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। साथ ही सावित्री बाई फुले योजना के लाभुकों को इस योजना के तहत बेहतर शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया। विधायक प्रतिनिधि सुनील कुमार सिंह ने कहा कि आमजन योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें, ताकि योजना के लाभ से वंचित नहीं रहना पड़े। कार्यक्रम में लाभुकों के बीच जॉब कार्ड, पेंशन स्वीकृति पत्र, मनरेगा स्वीकृति प्रमाण पत्र, सावित्रीबाई फुले किशोरी योजना स्वीकृति प्रमाण पत्र आदि का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन अंनत हजाम ने किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि सुनील कुमार सिंह, पूर्व जिप उपाध्यक्ष चित्तरंजन महतो, प्रमुख विक्टोरिया देवी, पंचायत समिति सदस्य धरनी देवी, मुखिया मनोज सिंह मुंडा,बीपीओ बबिता गोस्वामी, सीडीपीओ ज्योतिका टोप्पो, पंचायत सचिव सुरेश महतो, राजीव गुप्ता, रविंद्र कोइरी आदि थे।

### बुंडू में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



बुंडू (आजाद सिपाही)। नगर पंचायत के वार्ड नंबर-7 में गुरुवार को आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश उरांव, वार्ड पार्षद पायल दत्ता, सिटी मैनेजर अनूप कुमार एवं मुकेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में होल्डिंग टैक्स से संबंधित आठ मामले आए। इसके अलावा जलकर के पांच, सफाई शुल्क से संबंधित पांच, ट्रेड लाइसेंस से संबंधित एक आए। इसके अलावा सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत 40 और निर्धन लोगों के बीच 10 कंबल आवंटित किए गए। इस मौके पर संदीप शर्मा, प्रदीप दास, उमेश सेठ, पल्लव नायक, मंगल मींस, संतोष कुमार पाठक और सिद्धार्थ बीज आदि उपस्थित थे।

### बसंतपुर में 470 आवेदनों का हुआ निष्पादन

राहे (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बंसतपुर पंचायत सचिवालय में आपकी योजना -आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड में संचालित योजनाओं की जानकारी संबंधित अधिकारियों ने लोगों को दी और योजना से लाभ लेने के लिए उपाय बताये। इस दौरान कार्यक्रम में ग्रामीणों द्वारा 1275 आवेदन दिया गया जिसमें तत्काल 470 आवेदन का समाधान किया गया। विधायक प्रतिनिधि संजय सिद्धार्थ ने कहा कि गांव से जुड़े समस्याओं का समाधान किया जा रहा है लोग इसका लाभ जरूर लें। इस दौरान कन्या समृद्धि योजना का प्रमाण पत्र, वृद्धा पेंशन स्वीकृति पत्र, मनरेगा स्वीकृति पत्र, जॉब कार्ड, राशन कार्ड, आदि का वितरण किया गया। मौके पर बीडीओ हारून रशीद, प्रमुख नीलमणी देवी, जिला परिषद सदस्य बादल महतो, उप प्रमुख उमेश महतो, मुखिया तैजयत्मा देवी, बीएसओ विष्णु खंडित, आजसू प्रखंड अध्यक्ष रंगबहादुर महतो, सहायक अभियंता अजय कुमार, रमेश महतो आदि उपस्थित थे।

### विश्रामपुर में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

खलारी (आजाद सिपाही)। बमने पंचायत सचिवालय में बुधवार को आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खलारी बीडीओ लेखराज नाग की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों को राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही उनकी समस्याओं के निदान के लिए सभी विभागों के स्टॉल लगाए गए। बीडीओ ने सीओ शिशुपाल आर्य, प्रखण्ड प्रमुख सोनी तिग्गा, मुखिया दीपमाला कुमारी के साथ लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण भी किया।

### खूंटी उपकारा में कानूनी जागरूकता व हक हमारा भी तो है अभियान की शुरुआत

# हर कैदी को दिया जायेगा उसके मामले से संबंधित सूचना कार्ड : डालसा सचिव

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** नालसा दिल्ली एवं झालसा रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन में गुरुवार को खूंटी उपकारा में बंद कैदियों के बीच कानूनी जागरूकता और हक हमारा भी तो है विषय पर साप्ताहिक अभियान की शुरूआत की गई। डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने जेल में बंद कैदियों को संबोधित करते हुए कहा कि कैदी को अपने परिवार से मिलने की सुविधा दी जाती है। कैदी को उस पर चल रहे मामले की जानकारी है या नहीं, जितने कैदी खूंटी जेल में बंद हैं, क्या सारे कैदी खूंटी जिले से ही हैं या बाहर से भी हैं। कैदी कितने सालों से कारा में रह रहे हैं। क्या कैदी को अपने मामले की पूर्ण जानकारी है आदि बातों की जानकारी उन्हें होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इसकी जानकारी बनायी गयी कोर कमेटी को उपलब्ध करानी चाहिए। डालसा सचिव ने कहा कि हर कैदी को उससे संबंधित मामलों का सूचना कार्ड उपलब्ध कराया जायेगा। यह कार्यक्रम नालसा द्वारा संचालित है, जो दो सप्ताह तक चलेगा। कार्यक्रम में कारा अधीक्षक के अलावा पीएलए सदस्य दीपक कुमार विद्यार्थी, अधिवक्ता मिलन कुमार दास, मदन मोहन राम, निभा तिर्की, पीएलवी अंजू कश्यप, चंदन कुमार, हलधर कुमार, देवराज कुमार भगत, ज्योति भेंगरा, लक्ष्मी कुमारी, शांति लाल, सूरज मुखर्जी आदि मौजूद थे।



कैदियों को संबोधित करते डालसा सचिव।

## अड़की में माओवादियों के लगाये 10-10 किलो के तीन आइइडी केन बम बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिले के नक्सल प्रभावित अड़की थाना क्षेत्र के तोतकोरा गांव के समीप पहाड़ी रास्ते में माओवादियों द्वारा सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से लगाए गए तीन आइइडी केन बम को गुरुवार को सुरक्षाबलों ने बरामद किया। 10-10 किलो के तीनों आइआइडी बम को वहीं पर सुरक्षित तरीके से नष्ट कर दिया गया। यह जानकारी एएसपी (अभियान) रमेश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर खूंटी और चाईबासा जिला पुलिस द्वारा दोनों जिलों के सीमावर्ती क्षेत्र में अवस्थित उक्त जंगल में जांच अभियान चलाया गया, जिसमें यह सफलता मिली। इस दौरान उसी के समीप छिपा कर रखे गये कोडेक्स वायर, अमोनियम नाइट्रेट, लोहे के रॉड, वैसलीन, सिरिंज, कैंडल सहित अन्य कई सामान भी हुए हैं। अभियान में खूंटी व चाईबासा जिले के सुरक्षाबलों, कोबरा 209 बटालियन, सीआरपीएफ के 22 और 193 बटालियन के अधिकारी व जवान शामिल थे।




### खलारी में वृद्ध व असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण



खलारी (आजाद सिपाही)। पंचायत में गुरुवार को वृद्ध एवं असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। मौके पर उपस्थित जिप सदस्य सरस्वती देवी, पंचायत मुखिया तेजी किस्पोट्टा एवं पंचायत समिति सदस्य किरण तिर्की ने 150 कंबलों का वितरण किया गया। मुखिया तेजी किस्पोट्टा ने कहा कि गरीब एवं जरुरतमंदो को ठंड से बचाव के लिए कंबल उपलब्ध कराया गया।

## तमाड़ के जनसंघ काल के पूर्व विधायक अनिरूद्ध पातर की पुण्य तिथि आज



**तमाड़ (स्वरूप भट्टाचार्य)।** तमाड़ के अत्यंत गरीब किसान परिवार में एक अप्रैल 1925 को अनिरुद्ध पातर का जन्म हुआ था। इनके पिता का नाम घनश्याम पातर और मां का नाम लक्ष्मी देवी था। इनकी प्ररंभिक शिक्षा घर से ही शुरू हुई। दो वर्ष बाद इनका नामांकन 19 जनवरी 1933 को तमाड़ मीडिल स्कूल में कराया गया। अत्यंत परिश्रमिक एवं मेधावी छात्र होने के कारण 1938 में मीडिल बोर्ड की परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। मां-बाप की इकलौती संतान होने के कारण सरकारी नौकरी को ठुकरा कर अपने पिता के कारोबार में हाथ बताया। छात्र जीवन से ही इनकी अभिरुचि धार्मिक प्रवृत्ति की थी, जिस कारण उन्होंने किशोरावस्था से ही रामायण, गीता एवं महाभारत का गहन अध्ययन किया। 10 वर्ष की उम्र में ही बुंडू के डामारी निवासी सुरेन पातर एवं रोपनी देवी की पुत्री देवयानी से साल 1935 में विवाह हुआ। इस उम्र से ही इनकी रूचि राजनीतिक में हुई और अपने बड़े ताऊ के साथ राजदरबार आना-जाना शुरू कर दिया। 10 वर्ष की राज दरबार के संपर्क से ही राजतांत्रिक शासन प्रणाली का काफी गहरा अनुभव हुआ। ताऊ के वृद्धावस्था होने के साथ इन्हें इनकी कार्यकुशलता एवं निडरता को देखते हुए राजा गोपाल साय महाराज ने सरदार (दिवान) के पद में विभूषित किया। स्इनके अंतर्गत 120 सैनिक थे। अत्यंत कम समय में इन्होंने अपनी नेक और ईमानदारी से राज परिवार में ख्याति प्राप्त कर ली। सरदारशहर जाने वाले पातर को राजा के सभी विभागों का दायित्व सौंपा गया, जिसे उन्होंने बखूबी निभाया। आय-व्यय का लेखा-जोखा संस्कार, पर्व-त्योहार का संचालन इन्हीं के द्वारा हुआ करता था। सन 1956 में राजेश्वर का मेस्ट होने से बाद भी इनका परिवार राज परिवार से जुड़े रहे। प्रजातांत्रिक राज्य की शुरूआत दौर में ही इन्हें ग्राम पंचायत के स्तर पर सरपंच के रूप में चुना गया। इस पद पर रहते हुए उन्होंने जनता पर विश्वास जताया और चारों तरफ छा गये। राज परिवार की इच्छा से 1969 में विधानसभा का उम्मीदवार बनाया गया और उन्हें सफलता भी मिली। जनसंघ पार्टी से निर्वाचित अनिरुद्ध पातर 1969 में इस पार्टी से पूरे राज्य के इकलौते विधायक थे और यह जनसंघ पार्टी के संस्थापक सदस्य भी थे। इनकी सफलता को देख रोष में आकर इनके प्रतिद्वंदी पातर आदिवासी नहीं होने का मुकदमा दायर किया जिसके खिलाफ इन्होंने राजा अमरेन्द्र नाथ शाहदेव एवं जनता के सहयोग से सुप्रीम कोर्ट तक लड़ा और साबित कर दिखाया कि पातर भी आदिवासी हैं। इनके विधायक सत्र में ही इन्हें पार्टी का जिला अध्यक्ष बनाया गया। उन्होंने सदस्यों को अनुशासन में बांधे रखा। विश्व महाविद्यालय स्तर में सीनेट का सदस्य भी बनाया गया। 1969 में गठित सरकार पांच साल नहीं टिक पाई और 1972 के चुनाव में इन्हें पराजय का मुंह देखना पड़ा। इसके बाद भी वे जनता की सेवा करते रहे। इसी का परिणाम रहा कि 1977 के चुनाव में पुनः जीत हासिल की। उन्होंने इस बार अपने क्षेत्र का खूब विकास किया। सिंचाई की उचित व्यवस्था, पीएसएल की सुविधा, कृषि घर में कमी सड़क का निर्माण, शिक्षा की सुविधा, वन विभाग द्वारा जबरन जमींदारों की जमीन पर वृक्षारोपण को हटवा कर जमींदारों की जमीन वापसी आदि शामिल है। इस बीच उन्हें मध्यवर्ती चुनाव का भी सामना करना पड़ा। वर्तमान विधायक रहते हुए 1980 के चुनाव में पार्टी से उम्मीदवार नहीं बनाए जाने के कारण राजपरिवार की छत्रछाया में इन्होंने स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा। पर हार गए। बावजूद इसके पार्टी से जुड़े रहे और लोगों की सेवा करते रहे। इनका इलाका जनता पार्टी का गढ़ माना जाता था, लेकिन 1980 के बाद यह गढ़ ठह गया और यह सीट दूसरे के हाथों में चला गया। वर्तमान में अनिरुद्ध पातर परिवार में छह पुत्र एवं दो पुत्रियां सहित भरापूरा परिवार छोड़ कर चार नवंबर 1998 को रांची के सेवा सदन अस्पताल में प्रातः 7.15 बजे निधन हो गया। समाज के उत्थान के लिए इन्होंने जो कुछ किया वह आने वाले पीढ़ी के लिए एक प्रेरणा है।

### तैयारी : जनजातीय गौरव दिवस को लेकर भाजपा की बैठक

# राष्ट्रपति का खूंटी आगमन जिलावासियों के लिए गौरव : जगन्नाथ मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** भाजपा की ओर से भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और झारखंड स्थापना दिवस पर 15 नवंबर को आहूत जनजातीय गौरव दिवस के सफल संचालन को लेकर गुरुवार को पार्टी के जिला कार्यालय में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय मुंडा ने की। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम के प्रभारी और भाजपा एटी मोर्चा के प्रदेश मंत्री जगन्नाथ मुंडा उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को पिछले वर्ष जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की घोषणा कर जनजातीय समुदाय का मान बढ़ाया है। उनकी जन्मस्थली उलिहातू (खूंटी) में जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के प्रयास से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आगमन सुनिश्चित है। जगन्नाथ मुंडा ने कहा कि देश की प्रथम जनजातीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू का उलिहातू और खूंटी आना खूंटी जिला वासियों के लिए गौरव की बात है। राष्ट्रपति उलिहातू में भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के बाद खूंटी में महिला सम्मेलन सह जनजातीय महिला स्वयं सहायता समूहों को संबोधित करेंगी। बैठक में महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष जोनिका गुड़िया, जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार, संजय बासु, सुधाकर चौधरी, भारत सरकार जनजातीय मंत्रालय से सुष्मिता सेनगुप्ता, विष्णु सोनी, भीम सिंह मुंडा, जितेंद्र कश्यप, अनूप साहू आदि उपस्थित थे।




राष्ट्रपति के आगमन की तैयारियों को लेकर बैठक के बाद दी जा रही जानकारी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### खलारी प्रखंड कार्यालय के समक्ष भाजपा का जनाक्रोश प्रदर्शन 12 को



खलारी (आजाद सिपाही)। भाजपा खलारी मंडल की गुरुवार को बुकबुका पंचायत में आवश्यक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने की। इसमें कार्यक्रम प्रभारी एवं वरिष्ठ नेता शशि भूषण सिंह और जिला महामंत्री प्रीतम साहू उपस्थित होकर कार्यकर्ताओं को कई दिशा निर्देश दिए। भाजपा झारखंड प्रदेश के आह्वान पर राज्य के सभी प्रखंडों में सात से 13 नवंबर तक जन आक्रोश प्रदर्शन होना सुनिश्चित है। खलारी प्रखंड मुख्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं 12 नवंबर को जन आक्रोश प्रदर्शन किया जाना है। इसकी सफलता को लेकर इस दिन चर्चा करते हुए रणनीति बनाई गई। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री अनिल गंझू ने किया। इस मौके पर दिलीप पासवान, सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो, पूर्व अध्यक्ष भरत रजक, प्रदेश किसान मोर्चा मीडिया प्रभारी विकास दूबे, जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी, पंचायत समिति सदस्य किरण देवी, मंडल संयोजक रामसूरत यादव सिन्नी समड्ड, रविंद्र मुंडा, सरोजिनी देवी, नागदेव सिंह, दिनेश गुप्ता, राजू गुप्ता, जफरुद्दीन अंसारी, रामेश्वर महतो, सत्रुंजय सिंह, शशि प्रसाद साहू, शशि उरांव, भोला नाथ चौहान, राधेश्याम प्रसाद, भरत प्रजापति, कुलदीप लोहारा, मनोज जायसवाल, रविंद्र पासवान, राम सेवक यादव, संजीत तुरी, प्रदीप प्रमाणिक, ममता देवी, रतन लाल, सरिता देवी, मो महफूज अंसारी आदि उपस्थित रहे।

### मैकलुस्कीगंज में सीसीएल कर्मी की बाइक चोरी

मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। मैकलुस्कीगंज में घर के आंगन से ललित बोरा नामक व्यक्ति की बाइक चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। ललित सीसीएल कर्मी भरत टाना भगत के रिश्तेदार हैं। घटना बुधवार की रात की है। ललित बोरा ने बताया कि उनके रिश्तेदार पिपरवार में कार्यरत ठेठांगी बहेरा निवासी भरत टाना भगत ड्यूटी के बाद शाम को मैकलुस्कीगंज आए थे। हमेशा की तरह घर के आंगन में बाइक खड़ी कर रात में घर पर ही सो गए। गुरुवार की सुबह जब उठे तो बाइक चोरी हो चुकी थी। उस स्थान पर बाइख के आलावा तीन स्कूटी, एक अन्य बाइक समेत छह वाहन खड़े थे। जबकि चोरी हुई बाइक बीच में खड़ी थी। इस बाबत भुक्तभोगी भरत टाना भगत और टिंकू बोरा ने थाना में चोरी की घटना की शिकायत दर्जा कराई है।

### रैयत विस्थापित मोर्चा खलारी मौजा शाखा कमेटी का गठन



खलारी (आजाद सिपाही)। रैयत बिस्थापित मोर्चा की बैठक बलथरवा में हुई। जिसमें मुख्य रूप से मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता आदि मौजूद थे। बैठक में खलारी मौजा के रैयतों की जमीन संबंधित समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। बिगन सिंह भोगता ने कहा कि रैयत विस्थापित मोर्चा खलारी मौजा के रैयत विस्थापित की समस्याओं को लेकर हमेशा उनके साथ खड़ा रहता है। इ दौरान मोर्चा की खलारी मौजा शाखा कमेटी का गठन किया गया। जिसमें संरक्षक जगदीश पाहन, अध्यक्ष छोटू पाहन, सचिव शत्रुघ्न मुंडा, कोषाध्यक्ष सुरेश गंझू, उपाध्यक्ष चरकू गंझू, कार्यकारी अध्यक्ष गुजरा पाहन, सह सचिव धनेश मुंडा, कार्यकारिणी सदस्य प्रभात महतो, किशुन मुंडा, अर्जुन गंझू, मोहन मुंडा, कन्दना गंझू आदि का नाम शामिल है। सभी चयनित पदाधिकारियों को अतिथियों ने माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर जगरनाथ महतो, नरेश गंझू, रामलखन गंझू, अमृत भोगता, प्रभाकर गंझू, हेमलाल गंझू, सुरेश गंझू, मोहन गंझू, सुखदेव गंझू, मनपुरण गंझू, बिलेंदर मुंडा, सुलेन्दर महतो, छोटन मुंडा, श्रीनाथ गंझू, मुनुवा गंझू सहित कई लोग शामिल थे।

### खूंटी जिले के विभिन्न पंचायतों में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



खूंटी (आजाद सिपाही)। राज्य सरकार के निर्देश पर खूंटी जिले की हर पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को अन्य पंचायतों सहित मुरहू प्रखंड की कोड़ाकेल पंचायत में भी सरकार आपने द्वारा का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों के लगे स्टॉल पर ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त किये गये और उनका निष्पादन किया गया। साथ ही सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के दौरान बीडीओ और सीओ ने सभी स्टॉल पर जाकर प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली और आवेदनों के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। लोगों से सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।

### बीएड पढ़ाई शुरू करने की मांग, एबीवीपी ने सौंपा ज्ञापन



खूंटी (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) का एक प्रतिनिधिमंडल जिला संयोजक कमलेश महतो के नेतृत्व में बिरसा कॉलेज के प्राचार्य जे कीड़ों से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने बीएड की पढ़ाई शुरू करने की मांग को लेकर बिरसा कॉलेज की प्राचार्य को मांगपत्र सौंपा। प्राचार्य जे कीड़ो ने इसी वर्ष बीएड कोर्स शुरू करने का आश्वासन दिया। छात्र नेता गुलाब महतो ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में खूंटी जिला की भूमिका उत्कृष्ट है। यहां के विद्यार्थी शिक्षा के क्षेत्र में आगे अपना भविष्य सवारना चाहते हैं। मौके पर अशोक टूटी, प्रकाश टूटी, गौतम नाग, प्रदीप बड़ाईक, सीमानंद प्रधान, परमानंद नाग, लक्ष्मी नारायण साहू, प्रवीण नाग और सहिंदर महतो आदि मौजूद थे।

### कर्रा में राइट टू फूड परियोजना के सचिवालय का उद्घाटन

कर्रा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सांगोर गांव में गुरुवार को फिया फाउंडेशन की ओर से संचालित राइट टू फूड परियोजना के ग्राम सभआ सचिवालय का उद्घाटन खूंटी जिला परिषद की उपाध्यक्ष मंजू देवी, बीडीओ निशा कुमारी सिंह, सीओ बैजनाथ कामती और बमरजा पंचायत के मुखिया अनूप कुजूर ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान चुमनू पहान ने की। जिला परिषद उपाध्यक्ष मंजू देवी ने सांगोर गांव के लोगों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं को धरातल पर पहुंचाने के लिए लोगों ने जो मौका दिया है उस पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करूंगी।

## अनगड़ा के बीसा पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** बीसा पंचायत में गुरुवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीओ पुष्पक रजक, बीएचओ डॉ सेवा पालित, टीबीओ डॉ विनोद, प्रमुख दीपा उरांव, मुखिया मंजोती देवी, पंसस मनेश्वर मुण्डा, सांसद प्रतिनिधि कामेश्वर महतो, उपप्रमुख जयपाल हजाम, मनरेगा बीपीओ अंजीव कुमार, रोजगार सेवक संजय मंडल, ग्रामप्रधान उमेश बड़ाईक आदि उपस्थित थे। शिविर में प्रखंड के सभी विभाग एवं अंचल का स्टॉल लगाया गया। जिसमें लोगों ने जाति, विकलांगता, आय, आवास, मनरेगा जॉब कार्ड, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, फुलो-झानो आशीर्वाद योजना, राशन कार्ड, ग्रीन कार्ड, रजिस्टेशन, राशन कार्ड सुधार, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि, विधवा, दिव्यांग, वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित आवेदन दिए गये। कई आवेदनों का ऑन दी स्पॉट निष्पादन किया गया। सीओ पुष्पक रजक एवं बीपीओ अंजीव कुमार ने लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। इस मौके पर प्रखंड के सभी विभागों के पदाधिकारी, कर्मी समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## देवरी पंचायत की मुखिया विजेता कच्छप ने गरीब असहाय लोगों के बीच किया कंबल वितरण



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के देवरी पंचायत के मुखिया विजेता कच्छप और मुखिया सहायक प्रतिनिधि बिरसू कच्छप ने आज देवरी पंचायत के गरीब असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण किया। इस मौके पर देवरी मुखिया विजेता कच्छप ने कहा कि आपके द्वारा ही हम देवरी मुखिया के रूप में निर्वाचित हुए हैं। जब भी कोई जन समस्या हो तो आप सुना सकते हैं। उस समस्या का हरसंभव निदान करने का प्रयास करूंगी। आगे कहा कि सरकार के द्वारा जन कल्याणकारी योजना की जानकारी देने के उद्देश्य से देवरी पंचायत के गांव स्तर पर घर घर द्वार द्वार कार्यक्रम चलाया जाएगा। जिसे लोगों को केंद्र सरकार और राज्य सरकार के द्वारा चलाए जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

## पैन इंडिया जागरूकता कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों को विधिक सेवा की दी गयी जानकारी



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त सह अध्यक्ष सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के द्वारा गुरुवार को पैन इंडिया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। मौके पर एड़चोरो गांव में डोर-टू-डोर जाकर निःशुल्क विधिक सहायता एवं झालसा एवं नालसा की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। डालसा के पीएलवी ने उपस्थित लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची से मिलने वाली सुविधाओं तथा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, लेबर कार्ड एवं लोक अदालत के बारे में बताया। पीएलवी बेबी देवी ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आये हुए लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी। रिना लिण्डा ने नालसा एवं झालसा के द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में विस्तृत से जानकारी दी। सतीश कुमार एवं उमेश कुमार ने उपस्थित लोगों को पीड़ित मुआवजा के बारे में बताया। यह भी ज्ञात हो कि आगामी 12 नवंबर को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी बताया गया। लोक अदालत में वादों को सुलझाने के बारे में जानकारी दी गयी। अंत में पीएलवी के द्वारा उपस्थित लोगों के बीच पम्पलेट एवं लिफलेट का वितरण भी किया गया।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ नगड़ी मंडल भाजपा का प्रखंड-अंचल कार्यालय का घेराव 12 को

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी पंचायत भवन में नगड़ी मंडल भाजपा की एक बैठक मंडल अध्यक्ष राकेश केशरी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि अंचल और प्रखंड कार्यालयों में बेलगाम भ्रष्टाचार के खिलाफ आगामी 12 नवम्बर को हजारों की संख्या के साथ अंचल एवं प्रखंड कार्यालय का घेराव किया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से स्थानीय विधायक नवीन जयसवाल, बैठक के प्रभारी प्रदेश भाजपा के नेता शशिभूषण भगत, सांसद प्रतिनिधि केदार महतो, चुड़ामणि महतो, दौलत राम केशरी, कमलेश ओहदार, नरेश बैठा, जयकिशन महतो, नंद किशोर महतो, दुर्गा महतो, अनील गोप, डॉ. रामेश्वर महतो, निरंजन महतो, प्रभात महतो, शीला देवी, निमा तिर्की, वलवंत तिर्की सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक का संचालन महामंत्री हिंदुआ उरांव ने तथा धन्यवाद ज्ञापन अखिलेश केशरी के द्वारा किया गया।

## रातू प्रखंड के चटकपुर पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**रातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चटकपुर पंचायत सचिवालय में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गुरुवार को शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिले के वरीय पदाधिकारी, रातू बीडीओ हरिशंकर बारिक, सीओ प्रदीप कुमार समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। शिविर में सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित 2017 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 1287 आवेदनों का तत्काल निपटारा कर दिया गया। मौके पर पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य तथा वार्ड सदस्यगण आदि उपस्थित थे। संचालन प्रखंड समन्वयक तैयब अंसारी ने किया।

## एनएच 75 पर सड़क दुर्घटना में एक नाबालिग की मौत, एक घायल

**चान्हो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के एनएच 75 मदरसा चौक होप अस्पताल के समीप गुरुवार को हुए सड़क दुर्घटना में बलसोकरा गांव निवासी नाबालिग इसहाक आलम की मौत हो गई। वहीं मोटरसाइकिल सवार चंदवा थाना क्षेत्र के उच्च रिंगा निवासी सतीश उरांव घायल हो गया। बताया जा रहा है कि नाबालिग इतिहास आलम अपनी साइकिल से घर आ रहा था उसी दौरान मोटरसाइकिल सवार सतीश उरांव ने सामने से साइकिल को टक्कर मार दी। जिससे नाबालिग गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों घायलों को स्थानीय लोगों के द्वारा नजदीक ही होप हॉस्पिटल लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने रेफर कर दिया। वहीं इसहाक आलम की मौत मांडर मिशन अस्पताल में हो गई। दूसरी ओर घायल सतीश कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेज दिया है।

**कार्यक्रम :** विधायक ने चान्हो के विभिन्न गांवों में कई योजनाओं का किया शिलान्यास

# सड़क और शहीद स्थल के नाम पर राजनीति करने वालों से सावधान रहने की जरूरत है : बंधु तिर्की



आजाद सिपाही संवाददाता

**चान्हो।** प्रखंड के विभिन्न गांवों में गुरुवार को मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के द्वारा कई योजनाओं का शिलान्यास कर ग्रामीणों को तोहफा दिया गया। इस दौरान विधायक के द्वारा चोरया मोड़ में शहीद अभिषेक की प्रतिमा के समीप तोरणद्वार, चोरया बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का सौंदर्यीकरण, शहीद अभिषेक साहू की प्रतिमा के समीप शौचालय का निर्माण का शिलान्यास व चोरया में झकरा स्थल का सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास किया। इस दौरान पूर्व मंत्री व कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

इस दौरान पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि पूर्व में हमारे द्वारा कई योजनाओं को पूरा करने की कोशिश की गई थी, मगर किसी साजिश के तहत मेरी विधायकी चली गई। उसी को आज मेरी बेटी विधायक बनने के बाद पूरा कर रही है। इन योजनाओं से ग्रामीणों को सुविधाएं मिलेंगी और आने वाले दिनों में जल्द ही सड़क को भी बनवा दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि कुछ लोग पूर्व के दिनों में सड़क और शहीद स्थल के नाम पर राजनीति करते थे। आज उनको मुहतोड़ जवाब देने की जरूरत है और ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है।

इस मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद इश्तियाक, विधायक प्रतिनिधि इरशाद खान, कांग्रेस नेता कुमार रौशन, अब्दुल्लाह अंसारी, दिलीप सिंह, शशि कुमार साहू, चरवा उरांव, मन्ना उरांव, नारू उरांव, तपेश्वर गोप, बसंत राम, आबिद खान, मुखिया रेखा सांगा, बबलू गुप्ता, अनिल कुमार साहू, नारू भगत, अनिल साहू, दिनेश राम, इम्तियाज आलम सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### विधायक ने होप हॉस्पिटल का किया उद्घाटन



चान्हो (आजाद सिपाही)। प्रखंड स्थित मदरसा चौक में गुरुवार को होप हॉस्पिटल का उद्घाटन मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के हॉस्पिटल के खुल जाने से लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी। सरकारी हॉस्पिटल का बोझ कम होगा, जिससे वहां पर भी अच्छा इलाज हो सकेगा। साथ ही उन्होंने सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी और लोगों से फायदा उठाने की बात कही। उन्होंने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की बात कही। हॉस्पिटल के संचालक अमित तिवारी ने हॉस्पिटल में उपलब्ध सेवाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यहां ऑपरेशन थिएटर, अल्ट्रासाउंड समेत सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। यहां ऑर्किड हॉस्पिटल के डॉक्टर भी अपनी सेवाएं देंगे। यहां पर एमबीबीएस डॉक्टर वसीम चौबीसों घंटे अपनी सेवा देंगे। मौके पर चान्हो सीओ जफर हसनात ने कहा कि चूंकि इसके चारों तरफ दूर दूर तक गांव फैले हुए हैं और अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में ये हॉस्पिटल अपनी सुविधा प्रदान कर सेवा का काम करेगा। सभा को मौलाना अब्दुल कयूम और सैफुल्ला ने भी संबोधित किया। मौके पर दिलीप सिंह, अब्दुल्ला अंसारी, इश्तियाक अंसारी, मौलाना इदरीस, मुखिया झामको, इरशाद खान समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री को इडी के समन पर झामुमो कार्यकर्ताओं ने रातू में किया विरोध प्रदर्शन

**इडी एवं केंद्र की मोदी सरकार की गलत नीतियों के विरुद्ध जमकर की नारेबाजी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** ईडी द्वारा राज्य के मुखिया हेमन्त सोरेन को पूछताछ के लिए सम्मन जारी करने के विरोध में रातू प्रखंड झामुमो कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अंसारी के नेतृत्व में प्रखंड कार्यालय परिसर से सैकड़ों झामुमो कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकाला। जुलूस रांची के मोरहाबादी में एकत्रित होकर मुख्यमंत्री आवाज पहुंचा। इस बीच कार्यकर्ताओं ने हेमंत सोरेन सरकार के समर्थन तथा इडी एवं केंद्र की मोदी सरकार की गलत नीतियों के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। कार्यक्रम में धर्मेंद्र सिंह, बबलू मिंज, जाबिर अंसारी, कमरुल होदा, असलम अंसारी, रवि कुमार, खेदु महाली, प्रदीप बिसपोर्ट, सैयद मुदस्सर खान, फिरोज, सचिन, मंसूरी, अजय साहू, राकेश उरांव, राजू कुमार, अनूप तिग्गा, अशोक साहू सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी ने किया बेड़ो विद्यालय का निरीक्षण

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी दिप्ती कुमारी ने गुरुवार को एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय बेड़ो का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में आधारभूत संरचना, बच्चों की संख्या, उनकी उपस्थिति तथा शिक्षक शिक्षिकाओं की संख्या सहित विभिन्न प्रकार की जानकारी ली। इस दौरान अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी ने अलग-अलग कक्षाओं में जाकर छात्र-छात्राओं से विद्यालय की व्यवस्था के बारे में पूछताछ की। उन्होंने विद्यालय की प्रधानाध्यापिका हेनरिता मिंज को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया।

## रातू में महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

**रामगढ़ राइडर ने रांची ब्लू को हराया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** रातू क्रिकेट कल्ब के तत्वावधान में सीएन राज हाई स्कूल रातू मैदान में आयोजित वीमेंस ट्राइंगुलर सीरीज मैच का आयोजन किया गया। जिसमें रामगढ़ राइडर ने रांची ब्लू को एकतरफा मैच में आठ विकेट से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी को उतरी रांची ब्लू ने 10 विकेट खोकर 147 रन बनाया। जबकि 148 का लक्ष्य लेकर उतरी रामगढ़ राइडर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिर्फ 22.2 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर लक्ष्य प्राप्त कर जीत हासिल की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड स्टेट क्रिकेट एशोसिएशन के उपाध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव ने फीता काट कर मैच का उद्घाटन किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज के समय में किसी भी मायने में महिला पुरुषों से कम नही हैं। देश की बहनें शिक्षा व राजनीति से लेकर खेल तक में देश का प्रतिनिधित्व कर नाम रौशन कर रही हैं। उन्होंने इस तरह के प्रतियोगिता को बढ़ावा देने की भी बात कही। मौके पर आयोजक सुजीत प्रजाति, गुड्डू, अतुल ठाकुर समेत कई खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## रातू में डोभा में डूबने से वृद्ध की मौत

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के काटू लहना के एक डोभा से पुलिस ने एक वृद्ध का शव बरामद किया। शव की पहचान काटू निवासी 55 वर्षीय विमल महतो के रूप में हुई। जानकारी के मुताबिक गुरुवार की सुबह बिमल शौच के लिये खेत की ओर गया था। इसी उपरांत वह डोभा में गिर गया और पानी मे डूबने से उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में कर रिम्स में पोस्मार्टम कराने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**कार्यक्रम :** ईटा पंचायत सचिवालय में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

# ग्रामीण सरकार की योजनाओं का लाभ उठायें : बीडीओ

**बाल विकास परियोजना की ओर से मुंह जूठी एवं गोद भराई कार्यक्रम का भी किया गया आयोजन**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड में चल रहे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के तहत गुरुवार को ईटा पंचायत सचिवालय में उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अंचल अधिकारी सुमंत तिर्की थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता की उपस्थिति में कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार ने कहा कि इस तरह का आयोजन सरकार की दूरगामी सोच है। आप सभी ग्रामीण को सरकार द्वारा जारी विभिन्न विभागों के योजनाओं के संबंध में दी गई जानकारी का पंपलेट को जरूर पढ़ें। साथ ही सर्वजन पेंशन योजना व सावित्रीबाई फुले योजना सहित अन्य योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। अंचल अधिकारी ने इटा पंचायत के ग्रामीणों को इस योजना से अधिक से अधिक लाभ लें इसके लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही अंचल द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजना जिसमें प्राकृतिक आपदा के तहत मानव शक्ति पशु शक्ति फसल क्षति मकान में मुआवजा एवं जमीन संबंधी त्रुटि के निराकरण के उपाय बताये। कार्यक्रम में थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता द्वारा उपस्थित लोगों को से आह्वान किया गया कि जब भी आप दुपहिया वाहन में होते हैं तो हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। अगर किसी तरह की दुर्घटना हो जाती है तो इसकी सूचना तत्काल थाना प्रभारी को दें। साथ ही घायल को चिकित्सा हेतु अस्पताल पहुंचायें। थाना द्वारा या किसी पुलिस पदाधिकारी द्वारा किसी तरह की कोई पूछताछ आपसे नहीं की जाएगी और ना ही कोई कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम में वृद्धा पेंशन विधवा पेंशन दिव्यांग पेंशन के 26 आवेदन आए जिसमें 24 का तत्काल निष्पादन कर स्वीकृति पत्र लाभार्थी को प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना विभाग द्वारा माताओं के लिए संचालित कार्यक्रम मुंह जूठी एवं गोद भराई का भी आयोजन किया गया। आपूर्ति विभाग द्वारा धोती साड़ी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, अंचल निरीक्षक, पंचायत सचिव रोजगार सेवक, सांख्यिकी पर्यवेक्षक, विधायक प्रतिनिधि प्रो. करमा उरांव, मुखिया अनिता बाड़ा, पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा, पंचायत समिति सदस्य समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## नामकुम के विमल रेसीडेंसी मॉल में एमएचए शॉपिंग की आठवीं वर्षगांठ मनायी गयी



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नामकुम घाघरा डोरंडा रोड स्थित विमल रेसीडेंसी मॉल में एमएचए शॉपिंग का आठवीं वर्षगांठ होने पर मैनेजिंग डायरेक्टर की माता सुशीला देवी एवं अन्य महिलाओं द्वारा संयुक्त रूप से केक काटकर मनायी गयी। मौके पर मैनेजिंग डायरेक्टर ने बताया कि वे इस शॉपिंग की शुरुआत 3 नवंबर 14 को नामकुम जोरार स्थित एक कार्यालय से की। इस शॉपिंग से सैकड़ों लोगों को रोजगार देने का काम किया। कहा कि अब तक झारखंड में 7 ब्रांच खुल चुके हैं। हम लोगों की कोशिश हमेशा रही है कि ग्राहकों को उचित मूल्य पर अच्छी वेरायटी के सामान उपलब्ध करायें। ग्राहकों का प्यार ऐसे ही बना रहा तो आने वाले समय में पूरे देश में भी ज्यादा वेरायटी उपलब्ध करायी जायेगी। इस मौके पर मैनेजिंग डायरेक्टर सन्नी गोप, समिता एक्का, विजय उरांव, अजय कच्छप, संतोष रंजन, अरविंद राणा के साथ एमएचए शॉपिंग की टीम मौजूद थी।

## झारखंड ईंट निर्माता संघ के 500 प्रतिनिधि 10 नवंबर को दिल्ली रैली में होंगे शामिल

**कांके (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय ईट व टाइल्स निर्माता महासंघ नई दिल्ली के आह्वान पर ईंट उद्योग की समस्याओं के समाधान हेतु 10 नवंबर को रामलीला मैदान दिल्ली में रैली आहूत की गई है। यहां आयोजित विशाल रैली में झारखंड प्रदेश ईट निमार्ता संघ के लगभग 500 प्रतिनिधि और पदाधिकारी पहुंचकर अपनी समस्याओं को लेकर आवाज बुलंद करेंगे। यह जानकारी देते झारखंड प्रदेश ईंट निर्माता संघ के महामंत्री अभय कुमार तिवारी, सचिव अजीत राय चौधरी ने बताया कि हम सभी ईंट निर्माता कारोबारी नहीं हैं। हम सभी रोजगारदाता हैं। पूरे झारखंड राज्य में 2500 से भी अधिक ईंट भट्ठा का संचालन किया जा रहा है। जिसमें प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से 2 लाख लोगों को रोजगार दिया जाता है। लेकिन केंद्र और राज्य सरकार हम लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं करती है। जिसके विरोध में अपनी मांगों व समस्याओं को लेकर दिल्ली में रैली का आयोजन किया गया है। जिसमें पूरे देश के ईंट भट्ठा और टाइल्स निर्माता हिस्सा लेंगे। इसमें झारखंड राज्य के सभी जिलों से 5 से 10 प्रतिनिधि और पदाधिकारी भी रेल मार्ग से दिल्ली जाएंगे।

## बेड़ो पश्चिमी की जिप सदस्य बेरोनिका उरांव ने सीएचसी बेड़ो का किया निरीक्षण



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** बेड़ो पश्चिमी की जिला परिषद सदस्य बेरोनिका उरांव ने अहले सुबह बेड़ो अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने गुरुवार की अहले सुबह करीब चार बजे प्रसव कक्ष व समेत शिशु धात्री महिला वार्ड का निरीक्षण किया। इस दौरान खुखरा पंचायत के पाण्डेपारा गांव निवासी सीरिया खोया ने अपने प्रथम बच्ची को जन्म दिया। जहां मौके पर पहुंची जिप सदस्य को बच्ची के जन्म लिए जाने की जानकारी मिली तो वे तत्काल धात्री महिला से मिलीं। साथ ही नवजात बच्ची को शुभकामनाएं दिया। साथ ही प्रथम प्रसूता को कई अहम जानकारी देते हुए स्तनपान के महत्व को बताया। साथ ही बच्ची को धात्री माता से स्तनपान करवाया। वहीं मौके पर मौजूद एएनएम अर्चना बेक व सहिया अंजू देवी समेत प्रसूता के परिजन मौजूद थे।

## लापुंग के दानेकेरा पंचायत सचिवालय में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन दानेकेरा पंचायत सचिवालय में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिप सदस्य हिंदिया टोप्पो, प्रखंड विकास पदाधिकारी इमानुएल जयवीरस लकड़ा, अंचलाधिकारी विनाश पूर्णेन्दु ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यक्रम में अनेक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदर्शनी के माध्यम से दी गयी। प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धा पेंशन, पेयजल, जाति, आय, आवासीय प्रमाण पत्र, मनरेगा, राशन कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले योजना, लगन रसीद आन लाइन काटने समेत 1789 आवेदन आये उसमें 103 का निष्पादन मौके पर किया गया। मौके पर बीपीओ मनरेगा, सहकारिता पादाधिकारी विजय रंजन तिर्की, मुखिया धुचला मुंडा, प्रखंड कर्मी अभय कुमार, जनसेवक पंचायत सेवक के अलावे अनेक पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## बेड़ो के हुटार गांव में मेघा फसल प्रदर्शनी दिवस मनाया गया



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हूटार गांव में कोटेवा एग्री साइंस के द्वारा पायोनियर धान को लेकर मेघा फसल प्रदर्शनी दिवस मनाया गया। जिसमें रांची जिला के अधिकारी सफलदीप तिर्की ने किसानों को खड़ी फसल दिखाते हुए अन्य हाईब्रिड को वजन कर दिखाया। कहा कि पायोनियर धान दो नम्बर खेत पर धान की दस बाली आती है जबकि अन्य धान की दस बाली का वजन कर दिखाया। उन्होंने बताया कि दोनों धान में मेहनत एक ही है लेकिन पायोनियर धान में पांच क्विंटल प्रति एकड़ ज्यादा मुनाफा कमा सकते हैं। मौके पर पायोनियर ज्यादा लगाने वाले किसानों को शॉल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रांची जिला के एमडीआर धीरज कुमार, बालेश्वर गोप, जोगेंद्र गोप, किसान महेंद्र उरांव, डोमन मुंडा, झिबी उरांव, बुढ़वा उरांव, जतरी, अलीशा खाखा का योगदान रहा।

## सूरज इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में चोरी

**इटकी (आजाद सिपाही)।** थाना से मात्र पचास कदम की दूरी पर इटकी साहब मोड़ स्थित सूरज इलेक्ट्रॉनिक्स नामक एक दुकान में पिछली रात चोरी हो गयी। चोर दुकान में लगे दरवाजा के तालों को तोड़ कर करीब 50 हजार रुपये की संपत्ति चुरा ले गये। इस संबंध में दुकान के मालिक सूरज गोप द्वारा थाना को लिखित सूचना दी गयी है।

